दैनिक भास्कर 26-12-22

# यूथ फेस्टिवल में जीएमएन कॉलेज की आर्केस्ट्रा व गिटार टीम को दूसरा स्थान



कैंट के जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज की हरियाणवी आर्केस्ट्रा टीम व गिटार ने केयू की तरफ से आरकेएसडी पीजी कॉलेज कैथल में आयोजित 43वें इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल में दूसरा स्थान पाया। प्रिंसिपल डॉ. वीके जैन ने कॉलेज पहुंचने पर टीम का स्वागत किया। युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के अधिष्ठाता डॉ. राजेंद्र देशवाल ने बताया कि कॉलेज की हरियाणवी आर्केस्ट्रा की टीम व वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंटल सोलो, गिटार ने दूसरा स्थान पाया। डॉ. चंद्रपाल पूनिया ने बताया कि हरियाणवी आर्केस्ट्रा टीम में राहुल बिट्टा, मनीष कुमार, कर्ण बावा, हार्दिक, करन, रोहित, रमन, तुषार, राहुल भांकर, आकाश, साहिल तथा गिटार में गुरसिमर शामिल थे। इस अवसर पर कल्चर कमेटी के सदस्य डॉ. अनुराधा श्योकंद, डॉ. अमित कुमार, डॉ. मंजीत कौर, डॉ. अनीश, डॉ. रितु गुप्ता तथा डॉ. चंद्रपाल पूनिया मौजूद थे।